# गोगाजी मेरा घर बनवा दो | By Sunil Sarvottam

गोगा जी मेरो एक सुन्दर सो मकान
बनवाय दयो बाछल प्यारे
बनवाय दयो बाछल प्यारे
बनवाय दयो गोरख प्यारे
गोगा जी मेरो एक सुन्दर सो मकान
बनवाय दयो बाछल प्यारे

उस घर के एक कमरे में बस तेरा ही मंदिर हो
उस मंदिर में तू बिराजे, हर पल तेरा दर्शन हो
गोगाजी मुझे ऐसा दो वरदान हे गोगा वीर हमारे
गोगा जी मेरो एक सुन्दर सो मकान
बनवाय दयो बाछल प्यारे

ना चाहूँ बांग्ला कोठी, न चाहूँ महल ख़ज़ाने
वहीँ रोज़गार चल जाये, कुछ ऐसी बात बना दे
हो वा में खुल जाये एक दूकान हे गोगा वीर हमारे
गोगा जी मेरो एक सुन्दर सो मकान
बनवाय दयो बाछल प्यारे

उस घर में सभी सुखी हो, ना कोई भी दु:ख आये
उस घर में जो भी आये, कभी खाली हाथ ना जाए
गोगाजी मेरी इतना रखियो मान हे गोगा वीर हमारे
गोगा जी मेरो एक सुन्दर सो मकान
बनवाय दयो बाछल प्यारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-by-sunil-sarvottam/